# मनमोहन मुरली वाले ओ भक्तों के रखवाले भजन लिरिक्स

मनमोहन मुरली वाले,
ओ भक्तों के रखवाले,
ओ बेड़ा पार करईया हो,
खेवइया भवसागर की नैया,
बेड़ा पार करईया हो।bd।

---

नन्दबाबा के परम दुलारें,
माँ यशुदा के छैया,
ग्वालो के गोपाल तुम्ही हो,
बलदाऊ के भइया,
हो घर घर माखन चुरैया,
ओ बेड़ा पार करईया हो,
खेवइया भवसागर की नैया,
बेड़ा पार करईया हो।bd।

---

तृणावर्त सकटासुर मारे,
काली नाग नथइया,
अघा बका धेनुका पछारे,
हो गिरिराज उठइया,
गोपिन संग रास रचैया,
कंस निज धाम पठइया हो,
खेवइया भवसागर की नैया,
बेड़ा पार करईया हो।bd।

---

ओ बनवारी कृष्ण मुरारी,
भक्तन मान रखैया,
पाण्डव दल के बने सहारे,
कौरव नाश करैया,
बृजमोहन के असुरारी,
गीता ज्ञान करईया हो,
खेवइया भवसागर की नैया,
बेड़ा पार करईया हो।bd।

---

मनमोहन मुरली वाले,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ओ भक्तों के रखवाले,
ओ बेड़ा पार करईया हो,
खेवइया भवसागर की नैया,
बेड़ा पार करईया हो।bd।

**Singer – Shiva & Janhavi**
**Lyrics – Brijmohan Gautam**
**Created – Chitrakoot Music Production**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com